सर पदमपत में एग्जीबिशन



KANPUR (16 Feb): भारतीय पारंपरिक कला की समृद्ध विरासत को बढ़ावा देने के लिए पहली बार श्री गोविंद हरि सिंहानिया सेंटर फॉर एडवांस्ड लर्निंग के तहत सर पदमपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर में पट्टचित्र कला प्रदर्शनी के समापन का आयोजन किया गया. विशिष्ट अतिथि के रूप में डीएवी कॉलेज के फाइन आर्ट्स के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. अभय द्विवेदी शामिल हुए. इसमें पश्चिम बंगाल के मेदनीपुर के पिंगला गांव के मशहूर आर्टिस्ट हासिर चित्रकार और नयन चित्रकार के द्वारा सिखाया गया. इस मौके पर स्कूल की चेयरपर्सन मनोरमा गोविंद हरि सिंहानिया, वाइस चेयरमैन डायरेक्टर अभिषेक सिंहानिया आदि मौजूद रहे.